"इटैलियन भाषा के ज्ञान का सर्टिफ़िकेशन। सामाजिक समावेश, रोजगार, नागरिकता की भाषा" योजना
शिक्षा वर्ष 2011/12

# इटली में रोज़गार करना

पीपीटी प्रेज़न्टेशन का मजमून

स्लाइड 1

इटली में रोज़गार करना

स्लाइड 2

विदेशी नागरिक और रोज़गार

इटली में रोज़गार करने के नियम निम्नलिखित लोगों के लिए भिन्न हैं:

- कम्यूनिटी नागरिक
- ग़ैर-कम्यूनिटी नागरिक

* यूरोपीय यूनियन के 27 देशों से आए आप्रवासी ही कम्यूनिटी नागरिक हैं
* बाकी सब ग़ैर-कम्यूनिटी नागरिक हैं

स्लाइड 3

कम्यूनिटी नागरिक

**इटली में रोज़गार करना**

- कम्यूनिटी नागरिक को इटली में रोज़गार करने के लिए निवास परमिट की आवश्यकता नहीं है
- किसी विशेष अनुमति के बिना वह इटली में 3 महीने तक रह सकता है

**3 महीने से अधिक रहने के लिए**

- उसे दिखाना होगा कि उसके पास रोज़गार और घर है
- रिहाइश के कम्यून के रजिस्ट्री ऑफ़िस में रजिस्ट्रेशन के लिए उसे एक आवेदन पत्र देना होगा

स्लाइड 4

## ग़ैर-कम्यूनिटी नागरिक

इटली में रोज़गार करने के लिए ग़ैर-कम्यूनिटी नागरिक के पास निम्नलिखित दस्तावेज़ होने चाहिए:

- नो ऑब्जेक्षन (मुख्य प्रशासन अधिकारी की अनुमति)
- वर्क वीज़ा
- निवास परमिट

स्लाइड 5

## इटली में नियमानुसार रोज़गार करने के चरण

नियमानुसार रोज़गार करने के लिए कुछ निश्चित चरण हैं

पहला चरण

- (इटली में कार्यकर्ताओं के प्रवेश संबंधित कानून) डिक्री और समाप्ति तिथि की जानकारी रखना

स्लाइड 6

## आगे कैसे बढ़ें ...

दूसरा चरण

- नियोक्ता/मालिक कांउटर पर जा कर नियुक्त होने वाले व्यक्ति के लिए नो ऑब्जेक्षन का अनुरोध करता है
- नो ऑब्जेक्षन इटली द्वारा विदेशी कार्यकर्ता को दी गई पहली अनुमति है

तीसरा चरण

- अगर समस्याएं नहीं हैं तो दफ़्तर नियोक्ता/मालिक को नो ऑब्जेक्षन दे देता है

स्लाइड 7

## आगे कैसे बढ़ें ...

चौथा चरण

- इंटरनेट के माध्यम से यह आवेदन मूल देश में कांसुली कार्यालय को भेजा जाता है

पांचवां चरण

- अगर कर्मचारी कानून द्वारा स्थापित संख्या में आता है तो वह अपने देश के कांसुली कार्यालय से इटली के लिए प्रवेश वीज़ा का आवेदन कर सकता है

छठा चरण

- कांसुलेट वीज़ा इशू करता है और इटैलियन अधिकारियों को सूचित करता है

स्लाइड 8

वीज़ा के बाद ...

सातवां चरण

विदेशी कार्यकर्ता को सिंगल काउंटर पर जाना होगा:

- अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए
- निवास परमिट का आवेदन फ़ॉर्म लेने के लिए

ध्यान रहे कि

कार्यकर्ता को ये आवेदन नो ऑब्जेक्षन मिलने के 8 दिन के अंदर-अंदर करने होंगे वर्ना यह अनियमित माना जाएगा

स्लाइड 9

आप्रवासन का सिंगल कांउटर

सिंगल काउंटर निम्नलिखित कार्यो के लिए मुख्य प्रशासन अधिकारी का दफ़्तर है:

- रोज़गार
- परिवार का पुनर्मिलन
- निवासी परमिट

स्लाइड 10

अधिक जानकारी के लिए

नियमपूर्वक रोज़गार करना

नियमानुसार होने के लिए रोज़गार अनुबंध आवश्यक है, जब कोई अनुबंध न हो तो कार्यकर्ता ब्लैक माना जाएगा;

**ब्लैक में काम करना**: ग़ैरकानूनी और बिना किसी अधिकार के होना

अधिक जानकारी के लिए
- किसी यूनियन से पूछें

स्लाइड 11

## रोज़गार का अनुबंध

अनुबंध के विभिन्न प्रकार हैं:
* मुलाज़िम का रोज़गार
* स्थायी कार्य
* अस्थायी कार्य
* पार्ट टाइम
* इन्टर्नशिप
* अंतरिम
* स्वरोज़गार
* परियोजना के अनुसार कार्य
* समसामयिक रोज़गार
* समसामयिक अतिरिक्त रोज़गार

स्लाइड 12

## मुलाज़िम के कर्तव्य

मुलाज़िम को निम्नलिखित की जानकारी होनी चाहिए और इनका सम्मान करना चाहिए:

- अनुबंध में लिखा कार्य (असाइनमेंट), समय और अवधि-समाप्ति की तारीख़
- कंपनी के नियम
- सुरक्षा नियम (लिंक)
- बीमारी के नियम

स्लाइड 13

## मुलाज़िम के अधिकार

लिखित रूप में पहली नियुक्ति (मुलाज़िम के लिए 1 प्रतिलिपि) जिसमें हों:
- नियुक्ति की तारीख़
- कार्य (असाइनमेंट)
- रोज़गार की क़िस्म और अवधि
- वर्गीकरण, स्तर और योग्यता

| | |
|---|---|
| | - वेतन (पगार)<br><br>ध्यान रहे कि<br>प्रोबेशन की अवधि 30 दिनों से छह महीने तक की हो सकती है |
| स्लाइड 14 | अन्य अधिकार...<br><br>- कार्य का समय: 40 घंटे प्रति सप्ताह (ओवरटाइम मिला कर 48 से अधिक नहीं)<br>- वैतनिक अवकाश: 26 कार्य दिवस (जो आवश्यक हैं)<br>- वैतनिक छुट्टी: सप्ताह में 1 दिन का आराम + कैलेन्डर के अनुसार त्यौहार<br>- अन्य वैतनिक (वेतन के साथ) और अवैतनिक (बिना वेतन) अवकाश<br>- अनिवार्य प्रसूति अवकाश (प्रसव से 2 महीने पहले और 3 महीने बाद) |

| | |
|---|---|
| स्लाइड 15 | रोज़गार केन्द्र<br><br>- सभी कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक सेवा के केंद्र (पते के साथ लिंक) होते हैं<br>- नौकरी छूट जाने पर और नियुक्ति सूचियों में नाम लिखवाने पर व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिलवाने में सहायक होते हैं |

| | |
|---|---|
| स्लाइड 16 | बेरोज़गारी भत्ता<br><br>लोगों की नौकरी छूट जाने पर मिलने वाला कम राशि का वेतन<br>बेरोज़गारी भत्ता उसी कर्मचारी को मिलता हैं जो नियमानुसार रोज़गार करता हो और जिसका टैक्स योगदान कम से कम एक साल का हो<br><br>अधिक जानकारी के लिए किसी यूनियन से पूछें |

| | |
|---|---|
| स्लाइड 17 | शब्दावली<br><br>*(अस्सुन्त्सिओने)* **नियुक्ति:** नियमित अनुबन्ध के तहत रोज़गार करना<br>*(कोन्त्रात्तो)* **अनुबन्ध:** नियोक्ता/मालिक और मुलाज़िम के बीच समझौता<br>*(कोन्त्रिबूति)* **टैक्स योगदान:** रोज़गार पर टैक्स की राशि |

*(दातोरे दी लवोरो)* **नियोक्ता/मालिक:** व्यक्ति, कंपनी, फ़र्म जो रोज़गार देती है

*(दिपैन्दैन्ते)* **मुलाज़िम:** रोज़गार देने वाली कंपनी, फ़र्म या अन्य व्यक्ति के लिए काम करने वाला व्यक्ति

स्लाइड 18

शब्दावली

*(फ़ैरिए)* **अवकाश:** अवकाश या आराम के दिन

*(फ़ैस्तीविता)* **त्यौहार:** हर साल मनाए जाने वाले त्यौहार, उत्सव

*(इन्दैन्निता दिसौक्कुपात्सिओने)* **बेरोजगारी भत्ता**: नौकरी छूट जाने पर मिलने वाला कम राशि का वेतन

*(लिचैन्सिआमेन्तो)* **बर्खास्तगी:** अनुबंध की समाप्ति

*(लीस्ता दी कोल्लोकामेन्तो)* **नियुक्ति सूची:** रोज़गार की तलाश में लोगों की सूची

*(मान्सिओने)* **काम:** कार्य, असाइनमेंट

*(रेत्रिबूत्सिओने)* **वेतन:** पगार, तनख़्वाह